Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 जनवरी, 2021

विस्टाडोम कोच

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों से नर्मदा ज़िले के केवड़िया, जहाँ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है, तक संचालन हेतु आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस कदम का प्राथमिक उद्देश्य आदिवासी बेल्ट में पर्यटन को आकर्षित करना है। इन आठ ट्रेनों में से अहमदाबाद-केवड़िया के बीच चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस में विस्टाडोम कोच का प्रयोग किया गया है। 'विस्टाडोम कोच' भारतीय रेलवे द्वारा निर्मित एक प्रकार के अत्याधुनिक कोच हैं, जिन्हें मुख्य तौर पर यात्रा के दौरान यात्रियों के लिये आराम के साथ-साथ उन्हें आसपास के क्षेत्रों का अनुभव प्रदान करने हेतु बनाया गया है। इस कोच का निर्माण तमिलनाडु स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया है। भारतीय रेलवे द्वारा निर्मित इन नए और अत्याधुनिक कोचों में हवाई जहाज़ों के समान फोल्डेबल स्नैक टेबल हैं, साथ ही इनमें ब्रेल भाषा में सीट नंबर, डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन तथा स्पीकर के साथ इंटीग्रेटेड इन-बिल्ट एंटरटेनमेंट सिस्टम भी शामिल है। विस्टाडोम कोच की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें यात्रा के दौरान आसपास के माहौल का लुत्फ उठाने के लिये बड़ी खिड़की के साथ एक ऑब्ज़रवेशन लाउंज बनाया गया है। साथ ही इस कोच में CCTV सर्वलिांस, फायर अलार्म सिस्टम और एक LED बोर्ड भी लगाया गया है।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

हाल ही में गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) के 51वें संस्करण की शुरुआत की गई। प्रतिवर्ष 20-18 नवंबर के बीच आयोजित होने वाले इस सुप्रसिद्ध फिल्म समारोह को बीते वर्ष महामारी के प्रसार के चलते स्थगित कर दिया गया था। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) की शुरुआत वर्ष 1952 में की गई थी, पहली बार इस महोत्सव का आयोजन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के संरक्षण में भारत सरकार के फिल्म डिवीज़न द्वारा किया गया था। गौरतलब है कि वर्ष 1975 से इस महोत्सव का आयोजन वार्षिक तौर पर किया जाता है और अब तक इसके कुल 50 संस्करण आयोजित किये जा चुके हैं। वर्तमान में इस समारोह का आयोजन गोवा सरकार और फिल्म समारोह निदेशालय (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) द्वारा संयुक्त तौर पर किया जाता है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) का उद्देश्य फिल्म निर्माण कला की उत्कृष्टता को प्रस्तुत करने के लिये एक साझा मंच प्रदान करना है। महोत्सव के 51वें संस्करण में बांग्लादेश को फोकस देश के रूप में चुना गया है, जिसका उद्देश्य वहाँ की सिनेमाई उत्कृष्टता और सिनेमा के विकास में उसके योगदान को रेखांकित करना है।

ITC क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत-जापान के बीच समझौता

भारत और जापान ने हाल ही में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ITC) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। भारत सरकार का दूरसंचार विभाग और जापान सरकार का संचार मंत्रालय 5G से जुड़ी प्रौद्योगिकियों, दूरसंचार सुरक्षा, भारत के द्वीपीय क्षेत्रों के लिये सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल प्रणाली, स्पेक्ट्रम प्रबंधन, स्मार्ट सिटी, ऊँचाई वाले इलाकों में ब्रॉडबैंड की सुविधा प्रदान करने, आपदा प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा आदि क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसके अलावा जापान के उद्योग जगत के भागीदारों और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की भारत सरकार की कंपनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान भारतीय पक्ष ने 5G और 5G आधारित सेवाओं, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), डिजिटल स्वास्थ्य सेवा आदि के क्षेत्र में जापानी निवेशकों के लिये भारत में मौजूद अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

'सक्षम 2021'

जीवाश्म ईंधन उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन (PCRA) ने बढ़ते कार्बन फुटप्रिंट के प्रतिकूल स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय प्रभावों को रेखांकित करते हुए महीने भर चलने वाला 'सक्षम 2021' अभियान लॉन्च किया है। 'सक्षम 2021' का उद्देश्य उपभोक्ताओं को स्वच्छ ईंधनों की ओर प्रेरित करना तथा जीवाश्म ईंधन के इष्टतम उपयोग के लिये लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना है। गौरतलब है कि 'सक्षम 2020' संस्करण के दौरान देश भर में आयोजित लगभग 47,000 कार्यक्रमों के ज़रिये लगभग 9 करोड़ लोगों से प्रत्यक्ष रूप से संपर्क किया गया था। पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (PCRA), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्त्वावधान में स्थापित एक पंजीकृत सोसाइटी है। एक गैर-लाभकारी संगठन तथा राष्ट्रीय सरकारी संस्था के रूप में PCRA देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहन देने की दिशा में कार्य कर रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-january-2021